# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024




हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024



### बाइक की तुलना में सस्ती

संतोष ने बताया कि एक बाइक की कीमत एक लाख से ज्यादा है जिसमें पेट्रोल में कई पैसे खर्च हो जाते हैं। ई बाइक की भी कीमत लाखों में है। लेकिन इलेक्ट्रिक सायकल बनाने में तीन साल पहले उन्हें 30 से 35 हजार रुपए खर्च आया था। लेकिन अभी 45 से 50 हज़ार रुपए में बनकर सायकल तैयार हो जा रही है। सायकल में बैटरी की ही शेष पेज 13 पर

### एक बार चार्ज पर 80 किमी

किशोर साहू ने बताया कि सायकल में दो बैटरी लगी है। जिसे लगभग 6 घंटे चार्ज करना पड़ता है। एक बार चार्ज करने पर 80 किमी सायकल चल जाती है। हालाकि सायकल में पायडल भी है लेकिन इलेक्ट्रिक सायकल होने के कारण उसमें पायडल मारने की जरूरत नहीं शेष पेज 13 पर



# स्कूल जाने में बेटे की परेशानी देख पिता ने लगाया जुगाड़, बना दी ई साइकिल

वामन साहू ▸▸ अर्जुंदा

एक पिता ने बेटे की परेशानी और पढ़ाई में आ रहे अड़चन को देखते हुए एक ऐसा जुगाड़ बनाया जो आज पूरे प्रदेश व देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बेटा गांव से 20 किलोमीटर दूर स्थित स्कूल में पढ़ाई करता है, लेकिन बस से आने जाने में कई तरह से हो रही परेशानी को देखकर पिता ने एक इलेक्ट्रिक सायकल तैयार कर दिया जो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल दूबचेरा गांव शेष पेज 13 पर

**आसपास के साथ-साथ प्रदेश और देशभर में वायरल हो रहा वीडियो**



### कलेक्टर ने की सराहना

संतोष के इस जुगाड़ की जानकारी जैसे ही बालोद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को लगी तो उन्होंने संतोष के घर जाकर उनसे मुलाकात की। कलेक्टर ने सायकल को देखा और संतोष की तारीफ करते हुए उसे प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने संतोष को आगे बढ़ाने के लिए और लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए ऑफर भी दिया।

### कबाड़ पड़ी सायकल को देखकर आया ख्याल

किशोर के पिता संतोष को बेटे की परेशानी देखी नहीं गई और उन्होंने घर में कबाड़ पड़े सायकल को देखा और उसके दिमाग में ख्याल आया। उसके बाद उन्होंने यूट्यूब से बैटरी सायकल बनाने का वीडियो देखा।

### मिलने लगा ऑर्डर

इधर जैसे ही संतोष का बनाई सायकल का वीडियो वायरल हुआ, तो उन्हे सायकल बनाने के लिए आर्डर भी मिलने लगे हैं। उनके परिवार के दो लोगों के साथ ही गांव के एक व्यक्ति और अंधियाटोला के रहने वाले लोमश ने सायकल बनाने का ऑर्डर संतोष को दिया है।

**खबर संक्षेप**

### पार्षद से मारपीट मामला दर्ज

**बालोद।** डेढ़ साल पहले फूटी पाइप को नहीं बनाने, मंच को नहीं बनाने व नाली निर्माण नहीं करने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित वार्डवासी द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन ने दल्लीराजहरा थाने में की है। शिकायतकर्ता संतोष देवांगन ने बताया कि वह वार्ड क्रमांक 10 का वर्तमान में वार्ड पार्षद व नगर पालिका राजहरा का उपाध्यक्ष है। 17 अक्टूबर को करीबन 9.30 बजे वे अपने घर के पीछे बाडी में काम कर रहे थे। उसी समय वार्ड निवासी शंकर यादव शराब के नशे में घर के अंदर घुस गया और गाली गलौज करते हुए कालर पकड़ कर मारपीट करने लगा। गैरेज में काम करने वाला लड़का शिवा विश्वकर्मा व मेरे बेटे जय कुमार देवांगन ने बीच बचाव किया। मामले में राजहरा पुलिस ने मारपीट के आरोप में बीएनएस की धारा 115(2), 296, 333, 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**परेशानी**

**जिले की शासकीय प्राथमिक शाला कांदुल का मामला**

# एक ही शाला भवन के जीर्णोद्धार के लिए दो बार स्वीकृत हुई राशि!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

प्राथमिक शाला कांदुल में शाला जीर्णोद्धार के लिए दो बार राशि स्वीकृत हुई है। दोनों ही कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा कराया गया है। कार्य स्थल पर एक कार्य का ही सूचना बोर्ड लगा हुआ है, दूसरे कार्य का सूचना बोर्ड नजर नहीं आया। जबकि शाला में जीर्णोद्धार के नाम पर टाईल्स व पेंवर ब्लाक का कार्य कराया गया है।

■ कार्यस्थल पर एक ही कार्य के नाम पर लगा बोर्ड, दूसरा नहीं

मामले की जानकारी शिक्षा विभाग व आरईएस विभाग के कागजातों के अलग अलग अवलोकन के बाद हुई। जब इस प्रतिनिधि ने स्थल का जाकर निरीक्षण किया व ग्रामीणों व शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों से चर्चा की, तब मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत प्राथमिक शाला कांदुल में 6.90 लाख की स्वीकृति शाला जीर्णोद्धार के नाम से की गई, जो




पूर्ण हो चुका है। इस कार्य का सूचना बोर्ड नहीं लगा है। परिसर में जीर्णोद्धार कार्य प्राथमिक शाला कांदुल के नाम से 1.25 लाख स्वीकृत होने की सूचना वाला बोर्ड लगा है। यह कार्य भी बोर्ड के अनुसार पूर्ण हो चुका है। अर्थात एक ही स्थल के लिए, एक जैसे कार्य के लिए दो बार अलग–अलग राशि स्वीकृति ने कार्य में भारी भ्रष्टाचार की आशंका को जन्म दे दिया है। इस आशंका को इसलिए भी बल मिल रहा है, क्योंकि मामले में एसडीओ आरईएस ने दोनों कार्यों का बोर्ड बनाने का दावा किया। फाईल मंगाकर बोर्ड लगे होने का प्रमाण दिखाने की बात कही, लेकिन वे बोर्ड के फोटोग्राफ्स नहीं दिखा सके। एक ही शाला में जीर्णोद्धार के नाम पर दो बार अलग–अलग राशि स्वीकृत हुई है।

इससे 1.25 लाख के कार्य का सूचना बोर्ड लगे होने एवं 6.90 लाख के कार्य का सूचना बोर्ड नहीं लगने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इसमें एक योजना से स्वीकृत राशि से कार्य कराकर दूसरे योजना की राशि का फर्जी बिल एमबी बनाकर राशि बंदर बांट की गई है। आरोप है कि कार्य स्थल पर एक कार्य की ही जानकारी प्रदर्शित कर दूसरे कार्य को आम जनता से छुपाने के लिए ही सुनियोजित तरीके से सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है।

### मरम्मत की आवश्यकता ही नहीं थी

वहीं, एक और खुलासा हो रहा है जिसमें ग्रामीणों व शिक्षकों के अनुसार यहां मरम्मत के आवश्यकता ही नहीं थी। इसीलिए विद्यालय में मात्र टाइल्स एवं मैदान में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य इस योजना से किया गया है।

### ठेकेदार ने नहीं लगाया बोर्ड

मामले में शाला की प्रधान पाठक शिल्पा कुर्रे ने बताया कि यहां कमरों में टाईल्स, कुछ लाईट, कुछ पंखों का कार्य व मैदान में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य किया गया है। मैं स्कूल जतन योजना के तहत कार्य का सूचना बोर्ड लगाने कई बार बोली, लेकिन ठेकेदार व विभाग के लोगों ने बोर्ड नहीं लगाया।

### स्टीमेट के अनुसार हुआ कार्य

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गुण्डरदेही के एसडीओ घनश्याम सिन्हा ने कहा कि दोनों कार्य का बोर्ड बनाया गया है। बिना बोर्ड के हम भुगतान ही नहीं करते। कार्य स्टीमेट के अनुसार ही किया गया है।

# घर में घुसे चार लड़के, दो को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

चोरी करने की नीयत से घर में घुसे दो नाबालिग लड़कों को लोगों ने पकड़ लिया, जिसके बाद उन्हें कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया। घटना जिला मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला में स्थित गंगा नगर की है।

■ ग्राम झलमला में पकड़ने के बाद कोतवाली पुलिस को सौंपा

दोनों नाबालिग को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द करने के दौरान गंगा नगर झलमला निवासी उमेश यादव ने बताया कि 16 अक्टूबर को रात्रि करीबन 1 बजे मेरा लड़का गीतेश्वर यादव माता सेवा में शामिल होकर घर वापस आया और गेट को खोलकर अंदर गया तो देखा 4 अज्ञात व्यक्ति मेरे घर के अंदर बाऊन्ड्रीवाल को कूदकर कर घुसे थे, जो मोटर सायकल को गेट की तरफ निकाल रहे थे, जिसे मेरे लड़के ने आवाज दी तब अचानक चारों हड़बड़ा गये और दीवार कूदकर भागने लगे। इस दौरान मेरे बेटे ने अपने साथी भोला गुप्ता, मिथलेश साहू एवं अन्य लोगों के साथ चारों को दौड़ाया। साथ में गांव के लोग भी आवाज सुनकर बाहर निकले। भागने के दौरान उनमें से दो लड़के घर के साईड में बनी नाली में गिर गए, जिन्हें लोगों ने पकड़ा। दोनों से पूछने पर गोलमाल जवाब देने लगे। इस पर दोनों को पकड़कर रात्रि में ही थाना ले जाकर पुलिस के सुपुर्द किया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई चोरी के कई मामलों में पुलिस गिरफ्त से बाहर चोरों की पुलिस पहले से ही तलाश कर रही है। ऐसे में आम जनता द्वारा इस तरह से मदद कर चोरों को पुलिस के सुपुर्द करने से पुलिस को चोरों तक पहुंचने में काफी हद तक मदद मिल रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों में लगभग 15 लाख रुपए से अधिक की चोरी होने की शिकायत थाने में दर्ज हुई है। ऐसे में पुलिस के सामने चोरों तक पहुंचने में एक बड़ी चुनौती है, हालांकि पकड़े गए चोरों के माध्यम से मुख्य आरोपियों तक भी पहुंचा जा सकता है।






## खबर संक्षेप




### दिव्य उत्सव में 200 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

**रायपुर।** दिव्य उत्सव 2.0 का आयोजन बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें 8 स्कूलों के 200 से अधिक छात्रों और दो स्वयं सहायता समूहों, पटोरा और उपवार ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बच्चों को सशक्त बनाने और उनकी रचनात्मकता को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उत्सव की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में फ्लैग बलून्स के वितरण के साथ हुई, जो कार्यक्रम की उत्सवी भावना का प्रतीक बने। वायआई रायपुर के को-चेयर गौरव अग्रवाल ने उद्घाटन भाषण में बच्चों की भागीदारी और सामुदायिक विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में पंकज सोमानी ने छात्रों को उनके लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्हें हार न मानने की सलाह दी।

### आचार्य विद्यासागर के जन्मोत्सव पर आचार्य छत्तीसी विधान



**रायपुर।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के निर्वाण के पश्चात प्रथम जन्मोत्सव (शरद पूर्णिमा) के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रात: आचार्य छत्तीसी विधान किया गया। खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर सन्मति नगर, फाफाडीह के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या एवं सचिव सुरेश पाटनी ने बताया कि, इस मौके पर 36 गुनधारी आचार्य भगवंत का विशिष्ट संबंध और उनके उपकारों का स्मरण किया गया। पूरे छत्तीसगढ़ के जैन मंदिरों में एक ही समय पर आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन कर समाज की अखंडता एवं आचार्यश्री के प्रति सच्ची श्रधांजलि व्यक्त की गई। यह जानकारी पंचायत के प्रचार सचिव अतुल गोधा ने देते हुए बताया कि इसी तारम्य में श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर का नाम भी गोल्डन बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज होने की संभावना है। विदित हो कि वर्ष 2024-25 को आचार्य शांतिसागर महाराज के आचार्य पदारोहण के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

### डीएमएफ घोटाले पर ईडी की कार्रवाई का स्वागत

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने ज़िला खनिज निधि में हुए घोटाले में ईडी द्वारा की गयी गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, राज्य के कोरबा, दंतेवाड़ा, जांजगीर चांपा, बलौदा बाजार और रायगढ़ में जिला खनिज निधि में लगभग 50 हजार करोड़ की बंदरबांट और घोटाले की सबसे पहले जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने 8 जून 2021 को प्रधान मंत्री और 1 जून को ईडी को लिखित में दस्तावेजी प्रमाण के साथ शिकायत की थी। मुझे खुशी है आज इस मामले में ईडी ने पहली गिरफ्तारी की है।

### 22 अक्टूबर को राज्य स्तरीय कार्यशाला

**रायपुर।** कानूनी मार्गदर्शन केंद्र छत्तीसगढ़ द्वारा 22 अक्टूबर को होटल ग्रांड अर्जुन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। इस दौरान ' महिलाओं के खिलाफ लैंगिक हिंसा और पीड़ित क्षतिपूर्ति से संबंधित कानून' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री से धान खरीदी 25 से करने का किया अनुरोध

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने किसान हित में दीपावली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार से 25 अक्टूबर से धान खरीदी का निर्णय लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ में हरूणा अन्य अल्प अवधि में पकने वाले धान पक कर तैयार है जिसकी कटाई होने वाली है। इस समय बरसात अच्छी होने से धान पिछले वर्ष से ज्यादा होगा। किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर है लेकिन 15 नवंबर से धान खरीदी की खबर सुनकर दुखी है क्योंकि दीपावली पर्व नजदीक है।

# निजी कालेजों में एमडीएस की 50 सीटें खाली, अब 175 अंक वालों को मिलेगा प्रवेश

## मैनेजमेंट कोटे की सीट में एडमिशन के लिए कम किया गया परसेंटाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कई कोशिशों के बाद भी निजी डेंटल कालेजों में खाली एमडीएस की मैनेजमेंट की 50 सीटों के लिए परसेंटाइल घटा दी गई है। अब नीट के 960 प्राप्तांकों में यूआर श्रेणी के 272 तथा आरक्षित वर्ग के 175 अंक वालों को भी प्रवेश मिलेगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 19 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

एमबीबीएस के साथ बीडीएस का एडमिशन अभी एनआरआई कोटे की वजह से विवादों में पड़ा हुआ है, लेकिन एमडीएस यानी डेंटल की पीजी सीट के लिए बीडीएस कर चुके छात्रों का टोटा पड़ा हुआ है। एडमिशन की अंतिम तारीख बाकी होने की वजह से चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए नीट में सफल बीडीएस के छात्रों से 19 अक्टूबर तक नया ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया है। अभी निजी मेडिकल कालेजों में एमडीएस की 50 सीट खाली है, जिसके लिए छात्रों की पूर्ति करने के लिए कट ऑफ मार्क्स में और कमी कर दी है। अब नीट पीजी में यूआर कोटे के तहत 28.308 प्रतिशत यानी 272 अंक और एसटी,एससी, ओबीसी वर्ग के 18.308 फीसदी यानी 175 अंक वालों को पात्र माना गया है।



### बीएससी, न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त करने की मांग

बीएससी नर्सिंग में बड़ी संख्या में सीट रिक्त होने की वजह से प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त करने आईएनसी से पत्र व्यवहार करने चिकित्सा शिक्षा मंत्री से निवेदन किया गया है। प्राइवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा हवाला दिया गया है। सभी चरणों की काउंसिलिंग के बाद भी पांच हजार सीट रिक्त है। हवाला दिया गया है कि प्रवेश परीक्षा में लगभग 29 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 2630 विद्यार्थी ही प्रवेश ले पाये हैं। राज्य के अनेक विद्यार्थी नर्सिंग में प्रवेश लेकर अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, किन्तु नियम की कठिनाई के कारण प्रवेश से वंचित रह गए हैं। उनके हितों को ध्यान में रखते हुए हुए परसेंटाइल को समाप्त करने और प्रवेश की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाने इंडियन नर्सिंग काउंसिल से पत्र व्यवहार करने का निवेदन किया है।

## स्थानीय बदमाशों की अमन साव के साथ संलिप्तता की पुलिस लिंक तलाश रही

# गैंगस्टर अमन साव की झारखंड की मदद से स्थानीय पुलिस ने तैयार की डोजियर रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

तेलीबांधा शूट आउट के आरोप में प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर अमन साहू से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। गंज थाना क्षेत्र में शूट आउट के पूर्व पकड़े गए आरोपियों के संबंध में पूछताछ करने के बाद पुलिस अमन से तेलीबांधा शूट आउट को लेकर पूछताछ कर रही है। अमन साव किस तरह अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था, स्थानीय पुलिस ने सौ पन्नों से ज्यादा की एक डोजियर रिपोर्ट तैयार की है। इसकी पुष्टि एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने की है।

एएसपी के मुताबिक अमन साव स्थानीय बदमाशों के संपर्क में था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। गंज तथा तेलीबांधा मामले में अब तक 19 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में अब तक किसी स्थानीय बदमाश के शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। बावजूद इसके अमन अपने अन्य गुर्गों के माध्यम से राज्य के किसी स्थानीय बदमाश के संपर्क में था या नहीं, इसकी तस्दीक करने पुलिस कह रही है।


गैंगस्टर के निशाने पर झारखंड में सरकारी ठेका लेने वाले कारोबारी

मोबाइल शॉप छोड़कर रंगदारी करते गैंगस्टर बना अमन, हत्या समेत 100 से ज्यादा केस

अमन से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही, लेवी नहीं देने पर हत्या की प्लानिंग

60 करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर की थी हत्या

मोबाइल शॉप के रास्ते अपराध की दुनिया में पहुंचा

हत्या की थी प्लानिंग

### पेशी के दौरान देता है निर्देश

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक अमन साव लगातार मयंक सिंह के संपर्क में रहा है, तेलीबांधा शूट आउट की घटना में अमन के मयंक के संपर्क में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार पेशी में ले जाने के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से अमन मयंक से संपर्क स्थापित करता है। इसके बाद किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए कहां से बदमाशों की व्यवस्था करना है, इस संबंध में अमन मयंक को जानकारी देता है। उसी आधार पर मयंक अपने अन्य स्थानीय गुर्गों के माध्यम से बदमाशों को जोड़ आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है।

### शूट आउट की जानकारी नहीं होने का दावा

पांच माह पूर्व मई में गंज थाना क्षेत्र में अपराधिक घटना को अंजाम देने के पूर्व पकड़े गए चार शूटर्स के बारे में अमन ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा ही शूटर्स भेजे गए थे। तेलीबांधा शूट आउट मामले में अमन का कहना है कि उसे इस संबंध में जानकारी नहीं है। तेलीबांधा शूट आउट उसके बगैर किसी जानकारी के हुई है। पुलिस को अमन के कबूलनामे पर यकीन नहीं है। पुलिस इस संबंध में पड़ताल करने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रही है।

### पकड़े जाने के पूर्व सोशल मीडिया में फोटो शेयर

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमन का फेसबुक अकाउंट मलेशिया में बैठा कोई सुनील राणा ऑपरेट कर रहा है। पुलिस को इस बात की जानकारी आईपी एड्रेस की जांच करने के बाद मिली। इसी तरह से अमन के पकड़े जाने के एक दिन पूर्व कनाडा में बैठे मयंक सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट से अमन साव का फोटो शेयर किया था।

### अमन से 60 बिंदुओं पर पुलिस कर रही पूछताछ

अमन साव से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है, अमन साव से अब तक एसएसपी के साथ एएसपी क्राइम, एएसपी सिटी, डीएसपी क्राइम सहित सात पुलिस अफसर पूछताछ कर चुके हैं। पूछताछ में अमन ने लॉरेंस विश्नोई से डायरेक्ट संपर्क होने की बात से इनकार किया है। पूछताछ में स्थानीय अपराधिक घटनाक्रम के बजाय अमन अपने झारखंड के अपराधिक घटनाक्रम के बारे में बात कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

### कनेरी में हुआ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम



**गुरूर।** ग्राम कनेरी में महिला बाल विकास विभाग द्वारा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम कनेरी के कंकालिन माता मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बेटियो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष तोषण लाल साहू, सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग राजश्री, सरपंच कनेरी दिनेश्वरी सिन्हा, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक तथा कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित थे।

### सांग-बाना के साथ निकाली विसर्जन शोभायात्रा



**डौंडीलोहारा।** नगर के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मेन रोड द्वारा 52वें वर्ष नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरे 9 दिन माता की पूजा-अर्चना के बाद अंतिम दिन प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान लोगों ने सांग-बाना धारण किया। इसमें खोरपा अभनपुर के मिथिलेश बाबा ने भी सांग-बाना धारण किया था। विसर्जन शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### जामगांव आर एसएमसी के अध्यक्ष बने यमुना




**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव आर प्रबंधन समिति का गठन प्रधानपाठक टुकेंद्र कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन हुआ। इसमें अध्यक्ष यमुना ठाकुर, उपाध्यक्ष रमेश यादव, सांसद पतिनिधि शैलेन्द्री मंडावी, विधायक प्रतिनिधि किवेश चंद्राकर, शिक्षा प्रतिनिधि मीना साहू, पंच लोमस साहू, सदस्य पुष्पा देवांगन, नन्दनी पटेल, धरती बाई, धनेश्वरी धीवर सहित अनेक पदाधिकारी बनाए गए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रूपेश साहू उपस्थित थे।

### कलंगपुर के लोगों को मिल रहा जनऔषधि केन्द्र का लाभ



**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कलंगपुर में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र का संचालन होने से क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। जनऔषधि केन्द्र में आमजनों को 50 से 90 प्रतिशत की छूट पर दवाइयां और सर्जिकल उपकरण मिल रही है। जनऔषधि केन्द्र का संचालन सेवा सहकारी समिति कलंगपुर द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जनऔषधि केन्द्र कलंगपुर का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ उपलब्ध दवाइयों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र में उच्च गुणवत्तायुक्त दवाइयां और सर्जिकल उपकरण उपलब्ध है। जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा दिलाएं। उन्होंने वहाँ सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध कराने हेतु काउंटर स्थापित करने तथा जनऔषधि केन्द्र के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

# सेल कर्मियों को भारी पड़ रही वेतन समझौता में लेटलतीफी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल कर्मचारियों के लंबित अपूर्ण वेतन समझौता के अब तक मुकम्मल नहीं किए जाने से कर्मचारियों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक सेल में धरने के बाद अब हड़ताल के ऐलान के बाद भी सेल प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

सेल वेतन समझौता में उच्च प्रबंधन की लेटलतीफी के चलते हजारों कर्मचारियों को हजारों रुपए का घाटा हो रहा है। यूनयनों के मुताबिक कर्मचारियों को मात्र दो प्रतिशत कम एमजीबी देने और 8. 5 फीसदी पर्क्स देने से सेल प्रबंधन को प्रति कर्मचारी 5 हजार से 20 हजार रुपए फायदा हो रहा है। वहीं 39 महीने के लंबित एरियर्स,बंद सुविधाएं, छुट्टियों में अंतर, पीएफ और ग्रेज्युटी सीलिंग आदि को जोड़ लें तो 1/3 वेतन का घोटाला प्रति माह हो रहा है। बीडब्ल्यूयू के मुताबिक लंबित वेतन समझौता को अब तक पूर्ण नहीं किए जाने से सेल के हर कर्मचारी को 5 से 20 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। गौरतलब हो कि दो साल पूर्व हुई एनजेसीएस बैठक में हुआ वेतन समझौता अपूर्ण व विवादित था। एनजेसीएस व लोकल यूनियनें तब से लगातार समझौता की विसंगतियो को दूर कर लंबित 30 माह के एरियर्स, एचआरए आदि आदि भुगतान की मांग कर रही हैं। लेकिन प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।

### धरने के बाद हड़ताल की तैयारी

वेतन समझौता को लेकर उच्च प्रबंधन की लेटलतीफी देख केंद्रीय व लोकल यूनियनों द्वारा सेलव्यापी चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसके तहत अधूरे वेतन समझौता को पूर्ण कर 39 महीने के एरियर्स भुगतान, एचआरए देने, बोनस फार्मूला बदलने, ठेका मजदूरों को एस 1 ग्रेड का वेतन देने और बीस हजार बोनस आदि मांगों को लेकर बोनस बैठक बेनतीजा खत्म होने के बाद एनजेसीएस यूनियनों द्वारा चरणद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया था। इसके तहत बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में 5 अक्टूबर को प्रदर्शन व 14 अक्टूबर को धरना दिया गया था। भिलाई में संयुक्त यूनियन ने धरना दिया था। अगले चरण में मांगें पूरी नही होने पर 28 अक्टूबर को पूरे सेल में हड़ताल का ऐलान किया गया है।

### रक्तदान शिविर कल

**डौंडीलोहारा।** समता विभूति, समीक्षण ध्यान योगी आचार्य प्रवर 1008 श्री नानालाल जी म.सा. के 25वें पुण्य स्मृति दिवस एवं वर्तमान आचार्य प्रवर, युग निर्माता, उत्क्रांति प्रदाता एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत परम्‌ पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के आचार्य पदारोहण दिवस 20 अक्टूबर के उपलक्ष्य में 18 अक्टूबर प्रातः 10:30 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय ओसवाल भवन में किया जा रहा है। आयोजक श्री अ.भा.सा.जैन समता युवा संघ एवं श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ ने इच्छुक दानदाताओं से रक्तदान करने की अपील की है।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ चुनाव के लिए नामांकन शुरू

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया 14 से 19 अक्टूबर तक चलेगी। अभ्यर्थियों की सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 21 अक्टूबर को होगा। प्राँतीय प्रमुख निर्वाचन अधिकारी सुधीर गौतम, सहायक निर्वाचन अधिकारी वाय.के.दिल्लीवार, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ.रविन्द्र सिंह चौहान को बनाया गया है। दावा-आपत्ति - 22 अक्टूबर तक और नाम वापसी 23 से 24 अक्टूबर तक होगी। अभ्यर्थियों की सूची का अंतिम प्रकाशन 25 अक्टूबर और मतदान 10 नवंबर को होगा। मतदान के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। मतदान क्रमांक 1 से 5 स्थान प्रांतीय कार्यालय पेंशन बाड़ा रायपुर और क्रमांक 6 स्थान चंडी मंदिर परिसर घुंचापाली (बागबाहरा) जिला महासमुन्द है। जो भी सदस्य नामांकन दाखिल करेंगे और प्रांतीय महासभा के सदस्य नहीं है उन्हें वे अपनी सदस्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपने जिले के जिलाध्यक्ष/सचिव से प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना होगा। जो प्राँतीय परिषद के सदस्य है उन्हें केवल आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना है। 9 नवम्बर शाम को प्राँतीय महासभा की बैठक होगी उसमे प्राँत द्वारा निर्धारित प्रारूप मे परिचय पत्र लेकर आना होगा तभी भीतर प्रवेश करने दिया जाएगा।

## सीईओ कंगाले ने कहा- लोकसभा चुनाव के बराबर होंगे 253 मतदान केंद्र

# उपचुनाव : सुरक्षा बलों की पांच कंपनियों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि 13 नवंबर को रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव होना है। चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इस दौरान सुरक्षा बलों की 5 कंपनियां तैनात की जाएंगी। मतदाता पहचान पत्र के आधार पर ही मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि इसके साथ ही 12 अन्य पहचान पत्र भी मान्य किए गए हैं। चुनाव की घोषणा होते ही रायपुर दक्षिण विधानसभा में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। रायपुर दक्षिण




विधानसभा सीट अनारक्षित सीट है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में 253 मतदान केंद्र होंगे। कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 70 हजार 936 है, जिसमें पुरुष मतदाता की संख्या 1 लाख 33 हजार 713 और महिला मतदाता की संख्या 1 लाख 37 हजार 171 है। इस सीट पर महिला मतदाता की संख्या पुरुष मतदाता से अधिक है। थर्ड जेंडर के कुल मतदाताओं की संख्या 52 है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में सेवा मतदाताओं की संख्या 59 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1188 है।

**5014 करेंगे पहली बार मतदान:** 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 5014 है, जो पहली बार मतदान करेंगे। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1711 है। 100 साल की आयु पूरे करने वाले मतदाताओं की संख्या 56 है। 85 आयु वर्ग के मतदाता अगर घर पर मतदान करना चाहते हैं, यानी कि डाक मत पत्र से तो 18 अक्टूबर से 5 दिनों के अंदर आवेदन कर सकते हैं या फिर मतदान केंद्र में मतदान कर सकते हैं।

### ऐसा होगा चुनाव कार्यक्रम

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उप चुनाव 13 नवंबर को होना है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारी भी पूरी कर ली है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में आचार संहिता भी लागू हो गई है, इस दौरान सुरक्षा बलों की 5 कंपनियां भी तैनात की जाएंगी। अधिसूचना का प्रकाशन 18 अक्टूबर को होगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की समीक्षा 28 अक्टूबर होगी। नाम वापसी 30 अक्टूबर को रहेगी। मतदान 13 नवंबर को और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

# धान खरीदी की तिथि कम करना सरकार की बदनीयती : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रहा है। सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरुआत देर से की जा रही है, तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिये, ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। खरीदी अवधि कम करना भाजपा सरकार बदनीयती का प्रमाण है। उन्होंने मांग की है कि सरकार किसानों का बकाया राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान दीपावली से पहले करे, ताकि किसान दीपावली मना सकें। उन्होंने कहा, सरकार की घोषणा के अनुसार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक कुल 75 दिन के अंदर धान खरीदी का लक्ष्य है, इसमें से 35 दिनों लगभग एक महीना से अधिक छुट्टी है, अर्थात मात्र 40 दिन ही सरकार धान खरीदी करेगी। 40 दिनों में 30 लाख से अधिक किसानों के धान की खरीदी संभव नहीं। पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है, रकबा बढ़ा है। पैदावार भी ज्यादा हुई है। प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट भी बढ़ी है, फिर खरीदी की अवधि कम करने का आधार क्या है? उन्होंने कहा, भाजपा सरकार इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रुपए में करे, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है, इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाये।

## खबर संक्षेप



### गुण्डरदेही में निर्माणाधीन जल शुद्धिकरण संयंत्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगर पंचायत गुण्डरदेही में निर्माणाधीन जल शुद्धिकरण संयंत्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ निर्माणाधीन कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तृत चर्चा अधिकारियों से की। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कार्य निरंतर जारी है। पाईपलाईन बिछाने, संपवेल निर्माण सहित जल शुद्धिकरण संयंत्र का निर्माण कार्य जारी है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य त्वरित गति से प्रगति लाए और बेहतर ढंग से कार्य करते हुए समय–सीमा में कार्य पूर्ण करें।

### जोरातराई में नए पटवारी रामेश्वर ने संभाला कार्यभार



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम जोरातराई आर क्षेत्र के पटवारी हल्का 43 से निरंजन सिंह देवघरे का अन्य जगह स्थानांतरित हो जाने पर उसके स्थान पर रामेश्वर कुमार साहू ने जोरातराई पटवारी हल्का पर पदभार संभाला। इस अवसर पर ग्रामीणों ने नए पटवारी का स्वागत किया। वहीं, पूर्व पटवारी निरंजन देवघर का श्रीफल एवं शॉल भेंट कर ससम्मान विदाई दी। इस अवसर पर उपसरपंच पुष्कर सिंह चंद्राकर, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, भूपेंद्र कुमार साहू, एवत राम साहू, कौशिक राम साहू, गोविंद चंद्राकर, पुरुषोत्तम ठाकुर, खुमू राम ठाकुर, संतराम साहू, रुक्मणी साहू, रोजगार सहायक वीरेंद्र कुमार साहू, सचिव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### निर्वाचक नामावली पर दावा-आपत्ति 23 तक

**डौंडीलोहारा।** सचिव छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर अटल नगर के आदेशानुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे आपत्तियां प्राप्त करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में नगर पंचायत डौण्डीलोहारा क्षेत्र के प्रारंभिक प्रकाशन निर्वाचन नामावली में किसी प्रकार की दावा-आपत्तियां हो तो 16 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय एवं अंतिम तारीख को 3.00 बजे तक दावा-आपत्ति कर सकते हैं। इसके लिए वार्ड 1, 2, 3, 4 हेतु शासकीय प्राथमिक शाला टिकरापारा, वार्ड 5, 6, 7, 8 हेतु शासकीय कन्या माध्यमिक शाला, वार्ड 9,10,11 हेतु प्रगति स्कूल, वार्ड 12,13,14,15 के लिए शासकीय प्राथमिक शाला में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति कर सकते हैं। समयावधि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।


//आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराम शर्मा निवासी सिंघदई, मोहारा चौक, तह व जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) ने विक्रेता श्री ढाल सिंह आ. बिसरू राम जाति (सोनकर निवासी ग्राम खेरथा बाजार तह मारींबंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.) के नाम स्वामित्व व आधिपत्य की मकान भूमि ग्राम खेरथा बाजार पहनं 12 रानिम देवरी तह मारींबंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.) मे स्थित मकान भूमि खसरा 664/6 रकबा क्रमशः 0.02 हे भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना पेटे बड़ी रकम लेकर रकम प्राप्ति की अभिस्वीकृति सौदा इकरारनामा मेरे पक्षकार के पक्ष मे निष्पादित किया हैं। केवल विक्रय विलेख के निष्पादन की उपचारिकतायें शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध मे किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाये, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और विक्रय विलेख का पंजीयन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक : 15/10/2024

विनोद कुमार शुक्ला (अधिवक्ता)
ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव
मो: 9424126898


### शैलदेवी महाविद्यालय में हुई दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला कबड्डी प्रतियोगिता

# शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई 3 ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में 15, 16 अक्टूबर को दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीन कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुपेन्द्र कुलदीप, कुल सचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग थे7 विशिष्ट अतिथि राजन दुबे, अध्यक्ष, शैलदेवी महाविद्यालय अंडा थे। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 24 महिला कबड्डी टीमों ने भाग लिया। पहले दिन हुए मुकाबलों में टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इसमें कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिनमें खिलाड़ियों ने अपने दमखम और रणनीतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय, भिलाई–3, विजेता एवं शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय, उतई ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रजनी राय सहसंचालक, शैलदेवी महाविद्यालय द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### शारीरिक फिटनेस के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं खेल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा, कि महिलाओं को खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना, समाज में लैंगिक समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती हैं, बल्कि खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करती हैं। महाविद्यालय के अध्यक्ष ने प्रतियोगिता के आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "शैलदेवी महाविद्यालय हमेशा से ही महिला खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता रहा है। हमें गर्व है कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हम क्षेत्र की होनहार महिला खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर दे रहे हैं।"

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया चयनः** प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में लोकेश्वर ठाकुर, शा.दानवीर तुलाराम कालेज, ऊतई एवम लक्ष्मेण कुलदीप, साइंस कॉलेज, दुर्ग थे, वहीं चयनकर्ता के रूप में डॉ. रमेश त्रिपाठी, शा. कॉलेज भिलाई–3 एवं दुर्गा प्रसाद जँघेल, शासकीय कालेज, बेमेतरा थे। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न महाविद्यालयों से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अनेक प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया।

## दुष्कर्म पीड़िता मासूम को समय पर नहीं मिली चिकित्सा सुविधा : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



धमतरी जिले में 4 साल की मासूम के साथ बलात्कार के मामले में धमतरी पुलिस की असंवेदनशीलता व लापरवाही के कारण पीड़ित बालिका को समय पर न्याय एवं चिकित्सा सुविधा नहीं मिल सकी है। इससे 4 साल की मासूम घटना के एक माह बाद भी गंभीर हालात में इलाज करा रही है। उक्त आरोप प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मामले में गठित छः सदस्यीय जांच समिति की संयोजक एवं बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने लगाया है। संगीता सिन्हा ने बताया कि जांच टीम पीड़िता व उसके परिवार से मिलने उसके घर व अस्पताल पहुंची थी। जहां पीड़िता के परिजनों ने जो बताया कि वह बेहद शर्मनाक व चिंताजनक है। संगीता सिन्हा ने कहा कि पीड़िता के परिजनों को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने घंटों मशक्कत करनी पड़ा। चार साल की मासूम के साथ हुई विभत्स घटना के बाद भी पुलिस प्रशासन ने अमानवीय व्यवहार किया। देर रात्रि उच्च पुलिस अधिकारी के कहने पर अपराध कायम किया। बच्ची का ईलाज कराने में विलंब किया गया, वहीं गंभीर हालात में होने पर जब जिला के चिकित्सकों ने बच्ची को बड़े अस्पताल ले जाने कहा कि तब प्रशासन ने बच्ची को रायपुर ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं की, जिससे बच्ची को उसके परिजन बस में बैठकर ले गए।

**मामले को दबाने के प्रयास का आरोपः** विधायक संगीता ने कहा कि वर्तमान में जरूर बच्ची की चिकित्सा का सारा खर्च शासन उठा रही है, लेकिन प्रारंभ में ईलाज में किए गए विलंब के कारण बच्ची की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पीड़िता की पहचान छुपाने के नाम पर पूरे मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। संगीता सिन्हा ने कहा हमें भी यह ऐहसास है कि किसी भी स्थिति में पीड़िता की पहचान उजागर नहीं होनी चाहिए और हम इस बात का ख्याल भी रख रहे हैं।

## दुर्ग आईटीआई में हुआ जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ राज्य जनजातीय समुदाय तथा उनकी परंपराओं का छत्तीसगढ़ के इतिहास, संस्कृति, कला व अन्य क्षेत्रों में विषेश योगदान एवं गौरवशाली अतीत को सम्मानित करने हेतु जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता सतीश गोकुल पंडा जनजाति गौरव समाज के वक्ता पूर्व सांसद प्रतिनिधि जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड निवासी थानसिंह मंडावी थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में जनजातीय महापुरुष के छाया तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के जनजातियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, गायन, भाषण, निबन्ध, नृत्य पोस्टर मेकिंग, विडियो एडिटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें चयनित प्रशिक्षनार्थियों को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ए के टेंभोकर, प्रशिक्षण अधिकारियों कर्मचारी ए.मंसूरी, बृजेश कुमार जांगड़े, मीना कुमारी, बी कुमार, एम ज्योति प्रसाद, पुष्पेन्द्र सिंह, निमिष दुबे, क्रान्ति कुमार क्षत्रिय, देवी लाल साहू, प्रांजल तिवारी सहित प्रशिक्षनार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 19 को

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 का परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों का विकास करना तथा सांस्कृतिक चेतना जागृत करना, ऋषि प्रणीत भारतीय संस्कृति का निकट से परिचय कराना तथा विश्व में उसके अस्तित्व का ज्ञान कराना है। इसी उद्देश्य को लेकर बालोद जिला में भी परीक्षा का आयोजन 19 अक्टूबर को किया जा रहा है। परीक्षा में जलि के सभी विकासखण्डों से 5वीं से 12वीं तथा महाविद्यालय तक नौ वर्गों से कुल इक्कीस हजार छः सौ चौबीस विद्यार्थी परीक्षा में बैठे रहे हैं। जिसमें 238 प्राथमिक, 221 माध्यमिक, 13 हाई स्कूल, 107 हायर सेकेंडरी तथा 07 महाविद्यालय में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त परीक्षा के लिए सभी विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा कंप्यूटराइज्ड ओएमआर से होगा जिसमें छात्र अपना उत्तर अंकित करेंगे। परीक्षा उपरांत सभी 5वीं से 12वी, महाविद्यालय तक 9 वर्गों में छात्रों को प्रमाण पत्र एवं ब्लॉक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को मेडल तथा जिला में स्थान प्राप्त छात्रों को नकद राशि एवं मेडल भी दिया जाएगा। राज्य में स्थान प्राप्त छात्रों को नकद राशि एवं पांच दिवसीय व्यक्तित्व विकास, कैरियर निर्माण का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाता है। उक्त जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक मिलन सिंह सिन्हा द्वारा दिया गया।

## कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र का लिया जायजा



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कलंगपुर में सेवा सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ धान खरीदी हेतु की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजेन्द्र राठिया ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र कलंगपुर में आसपास के चार ग्रामों के किसान धान विक्रय हेतु आते हैं। जिसमें ग्राम कलंगपुर, चारभाठा, खल्लारी और मुंडेरा के 1391 किसान शामिल हैं, जिनके द्वारा 1519.9 हेक्टेयर में धान की खेती की गई है।

उन्होंने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। धान खरीदी हेतु बारदाने, किसानों के लिए बैठक, शौचालय, पेयजल आदि की पूरी व्यवस्था है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने समिति प्रबंधक से कहा कि केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें जिससे धान विक्रय हेतु आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

## 12.6 किलो गांजा के साथ 4 तस्कर पकड़ाए




**डौंडीलोहारा।** थाना प्रभारी वीणा यादव निर्देशानुसार मुखबिर की सूचना पर 17 अक्टूबर गुरुवार को सुबह-सुबह गांजा लेकर जा रहे फोर्ड कार नंबर एमपी 24 सीबी 1575 को लोहारा पुलिस ने संबलपुर मुख्य मार्ग में खरखरा नाले के पास वाहन को रुकवाया, जिसमें चार लोग सवार थे। तलाशी करने पर कार के अंदर 12 किलो 614 ग्राम गांजा पकड़ा गया। वाहन सहित उन्हें पकड़कर थाना लाया गया, पकड़े गए चार लोगों के नाम प्रेम सिंह रावत पिता विक्रम सिंह रावत उम्र 42 वर्ष प्रियदर्शनी कॉलोनी छिंदवाड़ा, आकाश चौहान पिता जुगल चौहान उम्र 45 वर्ष आठवीं बटालियन छिंदवाड़ा, प्रशांत ओगले पिता प्रभाकर ओगले उम्र 50 वर्ष छिदवाड़ा, मोहन साटनकर पिता किशनलाल साटनकर उम्र 20 वर्ष छिंदवाड़ा बताया। आरोपियों से पूछताछ के बाद गांजा एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। अपराधियों को पकड़ने में सहायक उपनिरीक्षक आत्माराम धनेलिया, प्रधान आरक्षक यज्ञदत्त ठाकुर, पूनम खरे, रूपेश सलाम, टेमन राणा व ईश्वर पटेल की सक्रिय भूमिका रही।

### प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद : हरमुख



**अंडा।** बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस नेता एवं उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल के केशव बंटी हरमुख ने कहा है कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह निरंकुश शासन हो चुकी है। पूरे छत्तीसगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन एक नए वरदात को बेख़ौफ़ अंजाम दे रहे हैं। अपराधियों के जहन से शासन प्रशासन का खौफ बिल्कुल भी नहीं है। वर्तमान में भाजपा सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और छत्तीसगढ़ की आम जनता मंहगाई की मार से त्रस्त हो चुकी है। ऐसे प्रतीत हो रहा कि महतारी वंदन जैसे योजना का पैसा सरकार महंगाई बढ़ाकर आम जनता से वसूल कर रही है। उन्होंने सरकार से तत्काल अपराधियों पर लगाम लगाने और बढ़ती मंहगाई पर रोक लगाने की मांग की है।

## पांचवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर



मंगलवार 15 अक्टूबर को विकासखंड गुण्डरदेही के अंतर्गत प्राथमिक शाला में कक्षा पांचवी का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीआरसी प्रशिक्षण कक्ष गुंडरदेही में किया गया।

कार्यशाला का आयोजन तीन पालियों में किया गया, जिसमें संकुलवार प्राथमिक शालाओं के कक्षा पांचवी पढ़ाने वाले शिक्षकों को बुलाकर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला में शिक्षकों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी किस प्रकार सुनियोजित तरीके से की जानी है इससे अवगत कराया गया। शिक्षकों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई गणित, मानसिक एवं तार्किक योग्यता, भाषाई ज्ञान पर विस्तृत चर्चा की गई। बच्चों को रणनीति बनाकर किस प्रकार परीक्षा के लिए तैयार किया जाना है, समय प्रबंधन, ओएमआर शीट भरना इत्यादि पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही नवीन कुमार यादव द्वारा प्रारंभिक स्तर से ही बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाने की बात कही गई, जिसके दूरगामी परिणाम कक्षा पांचवी में आने के बाद परिलक्षित होंगे। उनके द्वारा शिक्षकों को संपूर्ण समर्पण के साथ बेहतर परिणाम हेतु प्रयास करने पर ध्यान केंद्रित करने पर चर्चा की गई एवं बच्चों को समय प्रबंधन करना, किस विषय को पहले प्राथमिकता दी जानी है, पूरे प्रश्न को हल करने के संबंध में जानकारी दी गई।

साथ ही पूर्व में आयोजित नवोदय परीक्षा के प्रश्न पत्रों के आधार पर मॉडल प्रश्न पत्र बनाकर परीक्षा तिथि घोषित होने तक कम से कम 10 बार बच्चों को अभ्यास कर कर प्रश्न पत्रों से परिचित कराया जा सकेगा। साथ ही समय प्रबंधन को विशेष ध्यान में रखकर निर्धारित समय अवधि में पेपर पूर्ण करने का भी बार–बार अभ्यास कराया जाए, यह निर्देशित किया गया। प्रत्येक संकुल से संकुल स्तर पर गणित एवं भाषा की एक–एक विशेषज्ञ शिक्षक का चयन कर संकुल स्तर पर भी बच्चों की कक्षाएं प्रारंभ कराई जाएगी। इस कार्यशाला में संकुल समन्वयक अतीव भवतमांगे, शैलेंद्र पांडे लक्ष्मी नारायण साहू, ठाकुर राम सिंह, आर विजयलक्ष्मी ने विभिन्न बिंदुओं पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया, इस कार्यशाला में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर. साहू ने गणित के कुछ बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यशाला में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर एवं सभी संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष

### स्कूल जाने में बेटे की परेशानी ...

का रहने वाला किशोर अर्जुंदा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पिछले तीन साल से पढ़ाई कर रहा है। क्योंकि उसके गांव या आस पास के गांव में अंग्रेजी माध्यम का कोई स्कूल नहीं है। किशोर के घर से स्कूल की दूरी 20 किलोमीटर है। जिसके कारण वह शुरुआत में बस से स्कूल जाता था। लेकिन बस का किराया काफी ज्यादा था और उसके गांव से अर्जुंदा तक जाने वाले बस के समय का कोई ठिकाना नहीं रहता था। जिसके कारण घर से स्कूल जाने और स्कूल से वापस घर आने में काफी परेशानी होती थी।

**बाइक के पाट्र्स लेकर इलेक्ट्रिक सायकल का दिया रूपः** संतोष ने यूट्यूब से वीडियो देखकर बाइक के पाट्र्स बालोद जाकर खरीदी। जिसमे इंडीगेटर, बैटरी, एक्सिलेटर, हॉर्न सहित बाइक के तमाम सामान लाया। संतोष पेशे से वेल्डर है इसलिए कबाड़ सायकल में दिमाग लगाकर बाइक के सारे सामानों को जोड़ दिया। शुरुआत में बैटरी को सायकल के केरियर पर रखा लेकिन बैटरी का वजन ज्यादा होने के कारण सायकल चलाने में परेशानी हुई तो बैटरी को आगे लगा दिया और इस तरह इलेक्टिक सायकल तैयार कर दी।

### बाइक की तुलना ....

कीमत अधिक है। अगर कम दूरी तक चलने वाली बैटरी लगाई जाए, तो उसमें और कम खर्च आएगा।

### एक बार चार्ज ...

पड़ती और एक्सिलेटर घुमाने पर सायकल चलने लगती है। वहीं, बैट्री डिस्चार्ज हो जाने की स्थिति में पायडल से सायकल चलाकर भी अपने गंतव्य तक पहुंचा जा सकता है।


NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

